आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 17.09.2024 समय : 18.30 पीएम

- केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे किये।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर आज से स्वच्छता ही सेवा अभियान शुरू।

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में डेढ हजार से ज्यादा विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकापर्ण किया–मां वाउचर योजना का शुभारंभ–नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र वितरित।

- प्रदेश में तीन दिन के विराम के बाद पूर्वी जिलों में फिर तेज बारिश–अगले दो–तीन दिन बारिश की गतिविधियों में बढोतरी की संभवना।

000

केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे कर लिए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन सभी के लिए प्रभावशाली विकास लेकर आये हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए। इन निर्णयों ने लोगों के जीवन पर सकारात्मक असर डाला है और 2047 तक विकसित भारत के लिए एक मजबूत नींव रखी है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश की सुरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर सुरक्षित भारत बनाया है। श्री शाह ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे होने के अवसर पर आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने पिछले दस वर्षों में देश को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिहं ने कहा कि सरकार भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नरेन्द्र मोदी सरकार के सौ दिन के कार्यकाल की सराहना करते हुए श्री सिंह ने कहा कि पिछले तीन महीनों में मंत्रालय ने डेढ लाख करोड रुपये की रक्षा खरीद की मंजूरी दी है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहले 100 दिनों किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए हम आज के समाचार बुलेटिन में विशेष श्रंखला शुरू कर रहे हैं। आज हम आपको खेती और किसानों के लिये सरकार के कार्यों के बारे में बता रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले निर्णय के रूप में पीएम किसान निधि की 17वीं किस्त के तहत 9 करोड़ 30 लाख किसानों को 20 हजार करोड़ रूपये वितरित किये गये। किसानों को उपज का

उचित और लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए सत्र 2024–25 के लिए खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया गया। कृषि को मजबूत करने और किसानों की मदद के लिए कृषि बुनियादी ढांचा कोष का विस्तार और डिजिटल तकनीक से कृषि को आधुनिक बनाने के लिए डिजिटल कृषि मिशन शुरू करना भी सरकार का अहम निर्णय रहा है। इसके अलावा किसानों को सस्ते दामों पर उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद कम्पनियों के लिये 3500 रूपये प्रति मीट्रिक टन वाला स्पेशल डीएपी सब्सिडी पैकेज जारी किया गया है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आज जन्म दिन है। इस अवसर पर देशभर में आज से ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान शुरू हुआ। दो अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान की इस वर्ष की थीम ''स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता'' रखी गई है। इस अवसर पर केंद्र सरकार के सभी मंत्रालय और विभिन्न राज्य देशभर में कई गतिविधियों का आयोजन कर रहे हैं। प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम हो रहे हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने झुन्झुनूं जिले में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर श्री धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वच्छता के लिए जनभागीदारी का आह्वान देश में बदलाव का प्रतीक बन गया है। श्री धनखड़ ने स्वच्छता को स्वभाव, संस्कार और संस्कृति से जोड़ने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

स्वच्छ भारत अभियान की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि एक समय 130 करोड़ के देश में हर घर टॉयलेट का लक्ष्य अकल्पनीय था लेकिन प्रधानमंत्री की पहल से आया यह बदलाव भारत की प्रगति में मील का पत्थर साबित हुआ है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर में मालवीय नगर पुलिया के पास श्रमदान कर 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आमजन को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर प्रदेशभर में आज से 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े की शुरूआत की जा रही है। जिसके तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रदेशभर में सामूहिक श्रमदान के माध्यम से गांवों और शहरों में सफाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और स्वस्थता एक दूसरे के पर्याय हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सफाई मित्रों को आयुष्मान कार्ड वितरित कर सम्मानित भी किया। श्री शर्मा ने नगर निगम के दो एप्प 'रिसाइकिल' और 'जयपुर 311' का शुभारंभ भी किया। 'रिसाइकिल एप' के माध्यम से नगर निगम द्वारा सूचना प्राप्त होने पर अब घर से ही सूखा कचरा श्रेणीवार इकट्ठा किया जाएगा। जयपुर 311 एप के जरिये शहरवासी निगम संबंधी समस्याओं का निस्तारण करवा सकते हैं।

डीग में जिला कलेक्टर ने जलमहल परिसर में सफाई कर अभियान की शुरूआत की। उन्होंने गोपाल सागर तालाब के किनारे सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। कोटा में संभागीय आयुक्त ने सभी को

स्वच्छता की शपथ दिलाई। पाली में संभागीय आयुक्त ने सेल्फी प्वाइंट पर फोटो लेकर स्वच्छता का संदेश दिया। बाडमेर जिला प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत ने अहिंसा चौराहे से अभियान का आगाज किया।
सांचौर में जनप्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों तथा आमजन ने श्रमदान किया। झालावाड़ में श्रमदान, स्वच्छता रैली और शपथ के कार्यक्रम हुए।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन पर शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की है। श्री बागडे ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में सर्वांगीण विकास के कार्य हुए हैं।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल संरक्षण, उन्नत प्रबंधन, विकास तथा वितरण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जनांदोलन को बढावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आज आठवें भारत जल सप्ताह का उद्‌घाटन करते हुए राष्ट्रपति ने जल संरक्षण और निरंतरता के मुद्दे से निपटने के लिए एकजुट प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के प्राचीन धर्मग्रंथों में हजारों वर्ष पहले जल संरक्षण का उल्लेख मिलता है।

....................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज जयपुर में आयोजित 'मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव'समारोह में 10 376 करोड़ रूपये के एक हजार 527 विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकर्पण किया। श्री शर्मा ने राज्य स्तरीय 'मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव' कार्यक्रम में नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किये।
इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों में मौजूद नवनियुक्त युवाओं से वर्चुअल संवाद भी किया। उन्होंने मां वाउचर योजना का शुभारंभ भी किया। कार्यक्रम में पीएम कुसुम योजना के तहत 5 हजार 254 करोड़ रुपये की लागत से 608 परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया गया। साथ ही पीएम आवास योजना ग्रामीण के 1 लाख 45 हजार लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र दिये गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार अब तक 41 हजार नौकरियां दे चुकी है और प्रदेश के युवाओं को चार लाख से ज्यादा सरकारी नौकरियां दी जायेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में जो भी घोषणा की गई है, उन्हें धरातल पर उतारा जा रहा है। श्री शर्मा ने पेपरलीक प्रकरणों का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने युवाओं के साथ जो अन्याय किया, उसके दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इन प्रकरणों में जो भी दोषी हैं उन्हें बख्शा नहीं जायेगा।

...............................

कार्यक्रम में चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि प्रदेश के किसानों को रात के समय खेतों में पानी देने से बहुत परेशानी होती थी, लेकिन अब प्रदेश वो दिन आने वाला है जब किसान दिन में पानी देगा और रात में सोयेगा।

प्रदेश के सभी जिलों में भी मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आयोजित हुए। धौलपुर, दौसा, झालावाड़, सांचौर, भीलवाड़ा, चित्तौड, राजसमंद, बासवांड़ा, चूरू और अन्य जिलों में जनप्रतिनिधि इन उत्सवों में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कई युवाओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये संवाद भी किया।

000

उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने संयुक्त अरब अमीरात के निवेशकों से राजस्थान में निवेश करने की अपील की है। उन्होंने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि राज्य में स्थिर सरकार है और आने वाले लगभग चार साल तक निवेशकों को भरपूर अवसर मिलेंगे। वे आज यू.ए.ई. के दुबई में निवेशकों को राजस्थान में निवेश करने के लिए न्यौता देने के लिए आयोजित बैठक में बोल रहे थे। इस मौके पर संयुक्त अरब अमीरात में भारत के महावाणिज्य दूत सतीश कुमार सिवान ने कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात के आपसी रिश्तों के सकारात्मक पहलुओं से निवेशकों को राजस्थान में काफी लाभ होगा। दुबई में प्रसार भारती के खास संवाददाता विनोद कुमार ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल ने कृषि उत्पाद प्रसंस्करण, औद्योगिक पार्क, खनन, पेट्रो रसायन, कपड़ा और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में भारत के मजबूत पक्ष की जानकारी दी। मीटिंग के अंत में राजस्थान सरकार और संयुक्त अरब अमीरात के कारोबारी घरानों के बीच विभिन्न समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

000

प्रदेश में तीन दिन के विराम के बाद पूर्वी जिलों में बारिश का सिलसिला फिर शुरू हो गया है। भरतपुर और धौलपुर जिलों में दोपहर बाद एक से दो घंटे तेज बारिश हुई, इससे निचले इलाकों में फिर पानी भर गया। इसके अलावा, झुंझुनू, भीलवाड़ा, नागौर, करौली, पाली तथा अजमेर जिलों में कहीं कहीं बूंदाबांदी तो कुछ स्थानों पर हल्की बारिश के समाचार हैं। मौसम विभाग ने कहा है कि प्रदेश में अगले दो–तीन दिन बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

कल जयपुर, भरतपुर, कोटा, अजमेर, उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश तथा भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश होने के आसार हैं। 19 सितंबर को भी कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना है।

000

प्रदेशभर में आज अनंत चतुर्दशी का पर्व मनाया जा रहा है। कई स्थानों पर गणेश चतुर्थी से शुरू हुए गणेश महोत्सव के तहत स्थापित की गई गणपति प्रतिमाओं का आज जलाशयों में पूरे विधि विधान के साथ विसर्जन किया जा रहा है। बाड़मेर में दस दिवसीय गणेश उत्सव सम्पन्न हुआ। शहर में गाजे–बाजे के साथ शोभायात्राएं निकालकर गणपति की प्रतिमाओं का सरोवरों में विसर्जन किया गया। सवाईमाधोपुर में अखाड़े बाजों के करतब प्रदर्शन के साथ शोभायात्रा निकाली गई।

दूसरी ओर जैन मन्दिरों में आज दशलक्षण पर्व के समापन पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सीकर में नसियां और अन्य पूजा स्थलों पर श्रावकों ने उत्तम ब्रहमचर्य धर्म और अनन्त चतुर्दशी पूजा की।

000

खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय गुरूवार से नई दिल्ली में वर्ल्ड फूड इण्डिया उत्सव का तीसरा संस्करण आयोजित कर रहा है। तीन दिन के इस आयोजन के दौरान खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के अलावा संबद्ध क्षेत्रों को प्रदर्शन कर मौका मिलेगा। इस अवसर पर निवेश आकर्षित करने के लिये बायर सैलर मीट होगी। वहीं विभिन्न भारतीय व्यंजनों की प्रस्तुति और शैफ प्रतियोगिता होगी। साथ ही स्टार्ट अप ग्रैंड चैलेंज 2.0 का आयोजन होगा।

000